अस्तित्व के लिये संघर्ष | संघर्ष के लिये एकता | एकता के लिये संगठन

(मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त) | पंजीयन क्र. 25828 / 93

# म.प्र. अनुसूचित जाति–जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ

## (AJJAKS–अजाक्स)

उप प्रांतीय कार्यालय : एफ–6 (ओल्ड), थाटीपुर ग्वालियर (म.प्र) E-mail : ajjaksgwalior@gmail.com मो. 9406915742

| मुरारी लिधोरिया | विशेष गढ़पाले IAS | चौ. मुकेश मौर्य |
|---|---|---|
| प्रांतीय महासचिव | कार्यवाहक प्रातांध्यक्ष | प्रांताध्यक्ष |
| मध्यप्रदेश अजाक्स,भोपाल | ध्यप्रदेश अजाक्स, भोपाल | मध्यप्रदेश अजाक्स, भोपाल |


पत्र क्रमांक 198/MP/AJJAKS/25 दिनांक 01/12/25

प्रति,

माननीय मुख्यमंत्री जी
मध्य प्रदेश शासन भोपाल

विषय :- श्री संतोष वर्मा उप सचिव, कृषि विभाग से अजाक्स संगठन का कोई वास्ता ना होने के संबंध में।

माननीय महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत ध्यान आकर्षित कराते हुए लेख है, कि श्री जे.एन.कांसोटिया सेवानिवृत IAS अधिकारी एवं पूर्व प्रांताध्यक्ष अजाक्स जिन्होंने सोची-समझी रणनीति के तहत संघ विधान के विपरीत जाकर अजाक्स संगठन की जनमानस में छवि धूमिल करने के उद्देश्य से सेवानिवृत्ति उपरांत अनाधिकृत रूप से अजाक्स का प्रांतीय अधिवेशन डॉ.अंबेडकर मैदान तुलसी नगर भोपाल में दिनांक 23/11/25 को आयोजित किया,जिसमें पूर्व से विवादित एवं चारित्रिक सुर्खियों में रहे श्री संतोष वर्मा (IAS) अधिकारी जिसे अनाधिकृत लोगों द्वारा संगठन की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से अजाक्स का प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि वह व्यक्ति अजाक्स संगठन का अधिकृत सदस्य भी नहीं है,ना ही हमारे द्वारा इस प्रकार के किसी अधिकारी/कर्मचारी को वैधानिक रूप से संगठन में किसी पद पर चयनित या मनोनीत किया गया है और ना ही अधिकृत रूप से उन्हे हमारे द्वारा प्राथमिक सदस्यता प्रदान की गई है।

माननीय महोदय, हमें सोशल मीडिया और विभिन्न समाचार एजेंसियों के माध्यम से श्री संतोष वर्मा नामक ऐसे अधिकारी के अनेक अवैधानिक कृत्यों की जानकारी प्राप्त हुई है तथा उनके द्वारा वर्ग विशेष की बहन-बेटियों को टार्गेट करके जो अमर्यादित वक्तव्य दिए गए हैं उससे सामाजिक सौहार्द तो बिगड़ा ही है, हमारे अजाक्स संगठन की छवि भी समूचे देश और प्रदेश में खराब हुई है,जो सामाजिक सद्भावना और समरसता के पूर्णता विरुद्ध है।जिसे अजाक्स संगठन किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं कर सकता है।

अजाक्स संगठन अनुसूचित जाति- जनजाति वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के हक-हकूक की रक्षा के लिए वैधानिक रूप से लड़ने वाला एक सशक्त मंच है। श्री संतोष वर्मा के उक्त बयान से म.प्र.शासन के अधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों के मध्य वैचारिक मतभेद बढ़ने की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है, जो किसी भी संगठन के लिए अत्यन्त पीड़ादायक है।

अत: माननीय महोदय आपसे अनुरोध है, संगठन के नाम पर यदि कोई भी व्यक्ति भविष्य में राष्ट्र विरोधी अथवा सामाजिक सौहार्द अथवा विद्वेष फैलाने वाला कोई भी बयान जारी करता है या अवैधानिक रूप

से ऐसा कोई भी कृत्य करता है,तो उसे उसका व्यक्तिगत अपराध माना जावे। अजाक्स संगठन का ऐसे व्यक्तियों से किसी प्रकार का कोई वास्ता नहीं है।वह व्यक्ति अपने किए का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**माननीय प्रांताध्यक्ष के मौखिक निर्देशानुसार।**

मुरारीलाल लिधोरिया
प्रांतीय महासचिव
अजाक्स मध्य प्रदेश

प्रतिलिपि:
(01)श्रीमान मुख्य सचिव महोदय,
म.प्र.शासन मंत्रालय भोपाल (म.प्र.)
(02)श्रीमान अपर मुख्य सचिव महोदय,
सामान्य प्रशासन विभाग म.प्र.शासन मंत्रालय भोपाल (म.प्र.)

-sd-
मुरारीलाल लिधोरिया
प्रांतीय महासचिव
अजाक्स मध्य प्रदेश